हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार 31 मई 2026


तापमान

अधिकतम 42.6 डिग्री

न्यूनतम 28.2 डिग्री


12 अमरनाथ यात्रा के लिए दुर्ग से अब तक एक हजार ...





13 सिगरेट-तंबाकू से कमजोर न करें फेफड़े...






## घर में छिपा कर रखा था गांजा, 3.17 किलो पौधे जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- नेवई थाना क्षेत्र की घटना
- एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई

नेवई थाना अंतर्गत एचएससीएल कालोनी शिवपारा स्टेशन मरोदा में गांजा पकड़ाया है। आरोपी महावीर मेहता पिता मोहन मेहता उम्र 65 वर्ष अपने घर से सूखे पौधे जब्त किए गए हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। उसके पास से करीब 3.17 किलो पौधे जब्त किए गए। आरोपी ने मादक पदार्थ गांजा का सूखा पौधा घर की बाड़ी में भी छिपाकर रखा था। जब्त गांजे की कीमत करीब 30 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि 29 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि महावीर मेहता अवैध रूप से विक्रय करने हेतु मादक पदार्थ गांजा के 4 नग सूखा पौधा को अपने घर के बाड़ी में छिपाकर रखा है। आरोपी के पास से गांजा जब्त किया गया। उसके विरुद्ध धारा 20 ए एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।






### भिलाई के दो लोग करते हैं नकली पहचान पत्र बनाने का काम

# बीएसपी की आईडी बेच दर्ज होती है झूठी एफआईआर, फिर बनती है नकली आईडी

डॉ. संदीप उपाध्याय ▶▶| भिलाई

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

भिलाई स्टील प्लांट में करोड़ों का लोहा चोरी मामले का पर्दाफाश होने के बाद अब एक एक कर कई राज खुलते जा रहे हैं।यहां लोहा व अन्य मेटल चोरी के लिए जो फर्जी आईडी बनाकर प्लांट में घुसने का खेल सालों से चल रहा है उसके पीछे एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। सीआईएसएफ ने दुर्ग पुलिस को इस नेटवर्क के दो सरगना का नाम भी दिया है, लेकिन पुलिस इन आरोपियों को अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। सीआईएसएफ के सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई स्टील प्लांट में हर दिन 50-60 हजार अधिकारी और कर्मचारियों का आना जाना होता है। सीआईएसएफ के जवान आईडी कार्ड को देखकर कर्मचारी को प्लांट में घुसने देते हैं। इस आईडी कार्ड में यदि फोटो बदल दिया जाए तो सीआईएसएफ या बीएसपी प्रबंधन के पास ऐसा कोई हाईटेक यंत्र नहीं जो इसे पकड़ सके। इसी का फायदा उठाकर नकली आईडी कार्ड बनाने व प्लांट से सामान चोरी करने वालों का खेल सालों से चला आ रहा है।

### शिकायत के बाद भी पुलिस से दूर हैं आरोपी




### भिलाई के दो लोगों का नाम आया सामने

सीआईएसएफ के इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट से मिली जानकारी के मुताबिक उनकी जांच में ये बात सामने आई की भिलाई के रहने वाले राकेश कुइकर और आकाश कुइकर नाम के दो लोग नकली आईडी बनाने का काम करते हैं। ये लोग खरीदे गए आईडी कार्ड में बड़ी चालाकी से अपने आदमी का फोटो लगाकर नकली आईडी कार्ड तैयार करते हैं। सीआईएसएफ ने इसकी सूचना भी भट्टी थाने में काफी पहले से दी है, लेकिन पुलिस ने इस पर कोई बड़ा ऐक्शन नहीं लिया, ना ही दोनों में से एक भी आरोपी पकड़ा गया है।

### फर्जी एफआईआर दर्ज कराकर आईडी बेचने का होता है खेल

सीआईएसएफ के इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट ने इस गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए कई स्तर पर जांच की। इस जांच में यह सच्चाई सामने आई की भिलाई स्टील प्लांट के अधिकतर कर्मचारी सेक्टर 6 स्थित शराब दुकान के पास जाते हैं। वहां उनसे नकली पहचानपत्र बनाने वाले गिरोह के लोग मिलते हैं और उनकी आईडी को 10-20 हजार रुपए में खरीद लेते हैं। इसके बाद वह कर्मचारी थाने में आईडी कार्ड खो जाने या गिर जाने की रिपोर्ट देता है और उसके आधार पर अपना दूसरा पहचान पत्र बनवा लेता है। इधर गिरोह का आदमी खरीदे गए आईडी कार्ड को अपने सरगना को देता है। इसके बाद वो लोग कार्ड में दिए गए एज और फोटो के हुलिया को देखते हुए अपने आदमी का फोटो कार्ड में लगा देते हैं। इसके बाद इस नकली आईडी को लेकर उनका आदमी प्लांट के अंदर घुसता है और वहां से स्टील कॉपर व अन्य महंगे धातु की चोरी करके निकल जाता है।

### कैविटी चेक या गाड़ी के वजन से पकड़ाते हैं चोर

सीआईएसएफ के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक चोर गाड़ी में बाहर से कुछ वजन का सामन लेकर घुसता है और उसे प्लांट के अंदर फेंककर उसकी जगह लोहा या अन्य धातु चोरी करके रखकर निकलता है। उनके जवान कैविटी चेक या गाड़ी की चाल और वजन से पहचान करते हैं और चोरी के माल को पकड़ते हैं।

### फर्जी गेट पास से बीएसपी में प्रवेश, आरोपी गिरफ्तार

27 मई की रात 22.30 बजे सीआईएसएफ का जवान मरोदा समवाय के एलडी गैस चौक ड्यूटी पोस्ट पर वाहन चेकिंग कर रहा था। इसी दौरान उसने एक सफेद रंग की सेंट्रो कार सीजी 07 एम 6392 की संदिग्ध गतिविधि देखकर पीछा किया। बीएफ 7 के पास कार को रोक कर कार की तलाशी लेने पर पिछली सीट के नीचे बनाई गई एक गुप्त केविटी में छिपाकर रखा गया 270 किलो स्क्रैप कॉपर केबल बरामद किया गया। इसके बाद आरोपी आकाश कुमार सिंह (26वर्ष) पिता नरेंद्र सिंह निवासी सीएच 442 ढांचा भवन, कुरूद भिलाई को पुलिस के हवाले किया गया। भट्ठी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है।

### हाईटेक आईडी व स्कैनर की मांग

सीआईएसएफ ने बीएसपी के अधिकारियों से मीटिंग के दौरान उनके कर्मचारियों का हाईटेक तकनीकि का कार्ड बनाने और उसको स्कैन करने की मशीन की डिमांड की है। इससे नकली आईडी पर रोक लगेगी। इसके साथ ही प्लांट के अंदर की सुरक्षा के लिए 200 से अधिक हाईलोजन लाइट और 600 और सीसीटीवी हाईरेंड कैमरा लगाने की मांग की है।

### जूते में छिपाकर ले जा रहा महंगा धातु

सीआईएसएफ ने कुछ दिन पहले चेकिंग के दौरान एक कर्मी को लंगड़ाकर चलते देखा। जब उसे रोककर जूते की तलाशी ली गई तो लगभग आधा किलो महंगा मेटल पाया गया। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले किया गया।

### सब्बल से युवक पर प्राणघातक हमला, गंभीर

भिलाई। घर के पास बाइक पर बैठे युवक पर सब्बल से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया की स्टेशन मरोदा निवासी मुकेश टोडल घर के पास बाइक पर बैठा हुआ था। पड़ोसी मनीष कोसरे हाथ में सब्बल लेकर आया और मुकेश के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। घटना में गंभीर रुप से घायल मुकेश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का कारण बताया गया है कि आरोपी मनीष की शादी 2-3 साल हो गया है। लेकिन उसका बच्चा नहीं है। इसे लेकर मुकेश ने उसे कमेंट किया था। इसे लेकर मन में मनीष रंजिश रखा हुआ था और मौका मिलते ही उस पर हमला कर दिया। खबर लिखे जाने तक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।









## तहसील साहू संघ भिलाई चरोदा की बैठक आज

**भिलाई।** तहसील साहू संघ भिलाई चरोदा की बैठक 31 मई रविवार को प्रातः 10.30 बजे साहू भवन उमदा में रखी गई है। इस दौरान तहसील अध्यक्ष दीपक साहू ने संरक्षकों, सीनियरों के मार्ग दर्शन में बैठक होगा। बैठक में तहसील, परिक्षेत्र नींव के पत्थर, संरक्षक, आजीवन सदस्य अपेक्षित आमंत्रित है। तहसील पदाधिकारियों के बाद आय व्यय का लेखाजोखा कोषाध्यक्ष के द्वारा पेश किया जाएगा।

## सूने मकानों का ताला तोड़ने वाले चोर गिरोह का मास्टर माइंड पुलिस के हत्थे चढ़ा

**भिलाई।** सूने मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि गिरोह का मुख्य आरोपी मोहम्मद नासिर हुसैन उर्फ आनस खान को पकड़ा गया है।

पुलिस ने न्यायालय से पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने स्वीकार किया कि बंद मकानों, फ्लैटों, आवासीय परिसरों की रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया करता था। चोरी के दौरान घरों के दरवाजे, अलमारी, लॉकर, ताले तोड़ने के लिए विशेष प्रकार के औजारों का उपयोग किया जाता था। आरोपी की निशानदेही पर रायपुर स्थित मेकाहारा परिसर की बाइक पार्किंग में खड़ी एक्टिवा वाहन की सीट के नीचे छुपाकर रखा था। आरोपी के पास से पाना, पेचकस, कटर, लोहे के रॉड, ताला तोड़ने,लॉकर खोलने के विशेष उपकरण शामिल हैं। आरोपी नासिर हुसैन पूर्व में एमपी के भोपाल, गोविंदपुरा, क्राइम ब्रान्च भोपाल, कोहफिजा, सेक्टर17, सेक्टर 36, इंदौर पलासिया, चंडीगढ़ समेत कई चोरी मामले में शामिल था।

## चाकू लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि आदतन अपराधी घासीदास नगर अटल आवास जामुल निवासी सचिन उर्फ जहर आने जाने वाले को चाकू लेकर धमका रहा था। सूचना पर पुलिस ने शांति नगर दशहरा मैदान गेट के पास पकड़ा गया।आरोपी से एक धारदार बटन चाकु बरामद किया है। वैशाली नगर पुलिस ने किया कार्रवाई।

# "Higher Education" सपनों से करियर तक का सफर...



आज के प्रतिस्पर्धी और तेजी से बदलते दौर में उच्च शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह व्यक्ति के सपनों को साकार करने और सफल करियर की मजबूत नींव रखने का सबसे महत्वपूर्ण साधन बन चुकी है। स्कूल शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा विद्यार्थियों को न केवल विषयगत ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उन्हें कौशल, नवाचार, नेतृत्व क्षमता और वैश्विक दृष्टिकोण से भी समृद्ध बनाती है। यही कारण है कि आज देश-विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों में प्रवेश पाने की होड़ लगातार बढ़ रही है।



उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को ऐसा सक्षम नागरिक बनाना है जो समाज, देश और विश्व के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सके। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, प्रबंधन, कानून, कला, मीडिया और शोध जैसे विविध क्षेत्रों में उच्च शिक्षा युवाओं के लिए असीम संभावनाओं के द्वार खोलती है।

### उच्च शिक्षा का बदलता स्वरूप

21वीं सदी में उच्च शिक्षा के स्वरूप में व्यापक परिवर्तन आया है। पहले जहां पारंपरिक पाठ्यक्रमों को ही प्राथमिकता दी जाती थी, वहीं अब उद्योगों की मांग के अनुरूप नए और व्यावसायिक पाठ्यक्रम तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, मशीन लर्निंग, डिजिटल मार्केटिंग, बायोटेक्नोलॉजी और फिनटेक जैसे क्षेत्र युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आए हैं।

ऑनलाइन और हाइब्रिड शिक्षा ने भी उच्च शिक्षा को अधिक सुलभ और लचीला बनाया है। विद्यार्थी अब दुनिया के किसी भी कोने से प्रतिष्ठित संस्थानों के पाठ्यक्रमों का लाभ उठा सकते हैं।

### करियर निर्माण में उच्च शिक्षा की भूमिका

उच्च शिक्षा विद्यार्थियों को रोजगार बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करती है। यह उन्हें तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ संचार कौशल, समस्या समाधान क्षमता, टीमवर्क और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण गुण विकसित करने में मदद करती है।

एक गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा विद्यार्थियों को–

बेहतर रोजगार अवसर प्रदान करती है।

उच्च वेतन और पेशेवर विकास की संभावनाएं बढ़ाती है।

उद्यमिता और नवाचार को प्रोत्साहित करती है।

वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने योग्य बनाती है।

अनुसंधान और ज्ञान सृजन के अवसर उपलब्ध कराती है।

### नई शिक्षा नीति और उच्च शिक्षा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधारों का मार्ग प्रशस्त किया है। इस नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुविषयक शिक्षा, कौशल आधारित प्रशिक्षण और अनुसंधान के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

### नई शिक्षा नीति के तहत–

मल्टीपल एंट्री और एग्जिट की सुविधा।

अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की व्यवस्था।

कौशल आधारित पाठ्यक्रमों पर विशेष जोर।

शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहन।

अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा व्यवस्था विकसित करने की पहल। इन सुधारों से विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार शिक्षा ग्रहण करने की अधिक स्वतंत्रता मिली है।

### वैश्विक अवसरों का विस्तार

आज उच्च शिक्षा केवल स्थानीय या राष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं है। भारतीय विद्यार्थी विदेशों में अध्ययन, शोध और रोजगार के अनेक अवसर प्राप्त कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग, छात्र विनिमय कार्यक्रम और वैश्विक इंटर्नशिप युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान कर रहे हैं। वैश्विक दृष्टिकोण और आधुनिक कौशल के साथ प्रशिक्षित विद्यार्थी दुनिया भर के रोजगार बाजारों में अपनी पहचान बना रहे हैं।

### चुनौतियां और समाधान

हालांकि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अवसर बढ़े हैं, लेकिन कुछ चुनौतियां भी मौजूद हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच, आर्थिक संसाधनों की कमी, कौशल और रोजगार के बीच अंतर तथा तकनीकी बदलावों के साथ तालमेल बनाए रखना प्रमुख चुनौतियां हैं।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक है कि–

शिक्षा को अधिक समावेशी बनाया जाए।

छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता योजनाओं का विस्तार हो।

उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। कौशल विकास को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया जाए। हायर एजुकेशन वास्तव में सपनों से करियर तक की एक महत्वपूर्ण यात्रा है। यह युवाओं को ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है, जिससे वे अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।



















हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 31 मई 2026
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




### भिलाई तीन पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, बीएसपी के कई अफसरों से पूछताछ की तैयारी

# बीएसपी में लोहा चोरी के मामले में क्रेन ऑपरेटर गिरफ्तार, मास्टर माइंड संजय सिंह अब भी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी प्लांट से करोड़ों रुपए का लोहा चोरी होने के मामले में मास्टर माइंड संजय सिंह पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने इस मामले में शनिवार को रवींद्र साहू को गिरफ्तार किया है। वह क्रेन चालक है। भिलाई तीन पुलिस अब तक मास्टर माइंड संजय सिंह तक नहीं पहुंच पाई है। जबकि लंबे समय से उसे लेकर शिकायत की जा रही थी। इस पूरे मामले में शुरू से ही भिलाई तीन पुलिस की कार्यप्रणाली की भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। सीआईएसएफ के कुछ कर्मियों का भी बड़ा रोल है। फिलहाल पुलिस ने खानापूर्ति करने के लिए क्रेन चलाने वाले रवींद्र को गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि लोह स्क्रैप चोरी करने में सांई एसोसिएट का क्रेन चालक रविन्द्र साहू स्क्रैप को फ्लू डस्ट परिवहन करने में क्रेन से चलाता था। चोरी के स्क्रैप की लोडिंग सभी आरोपियों व्दारा एकजुट होकर बीते लंबे समय से बीएसपी से फ्लू डस्ट वाहनों में लोहे की तस्करी की जा रही थी। चार दिन पहले ही मुखबिर की सूचना पर ग्राम अकलोरडीह खदान पारा भिलाई 3 के एके ट्रेडर्स प्लाट नंबर 18 ए/05 एच.आई.ए. हथखोज

हरिभूमि लगातार



भिलाई फेब्रीकेशन वर्कस एण्ड स्क्रैपडील में चेक किया गया। जहां से करोड़ों रुपए का बीएसपी का लोहा जब्त किया गया। गोदाम सलीम नामक व्यक्ति का है जबकि पुलिस की माने तो इसका मास्टर माइंड संजय सिंह तक पुलिस की हाथ अभी तक नहीं पहुंच पाई है। पूछताछ में रविन्द्र साहू ने पुलिस को बताया कि मास्टर माइंड आरोपी संजय सिंह के कहने पर ही मैग्नेटिक केन के माध्यम से लोहे चोरी कर फ्लू डस्ट के वाहनों में लोड किया जाना स्वीकार किया।

पूर्व में पकड़े गए चार आरोपी




बीएसपी की सुरक्षा में सेंध...
सीआईएसएफ के 1500 जवानों की तैनाती, 650 से ज्यादा कैमरे लगे, फिर भी करोड़ों का लोहा हो रहा पार
3 करोड़ का लोहा चोरी होने के बाद पुलिस ने बढ़ाया जांच का दायरा, पुलिस अब तक नहीं खोज पाई एके ट्रेडर्स के संचालक संजय सिंह सहित अन्य को
चोरी के मामले सामने आते रहे, कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

## एके ट्रेडर्स का गोदाम भिलाई तीन थाना क्षेत्र में, पुलिस को नहीं था पता

जानकारी के मुताबिक एके ट्रेडर्स में बीएसपी का चोरी का लोहा जब्त मामले में शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। खास बात यह है कि एके ट्रेडर्स का गोदाम भिलाई-तीन थाना क्षेत्र में है। बावजूद इसके बारे में पुलिस को खबर ही नहीं थी। बिना भिलाई तीन पुलिस के संरक्षण के यह तस्करी चल रही थी। यहां की पुलिस पेट्रोलिंग तक को क्या जानकारी नहीं थी? यह सवाल लगातार ट्रेंडिंग में है। माना जा रहा है कि भिलाई तीन पुलिस की यह कार्रवाई भी सिर्फ खानापूर्ति के लिए की गई। इस पूरे मामले में संजय सिंह को पुलिस कैसे नहीं पकड़ पाई है। भिलाई तीन पुलिस रात गश्त नहीं करती होगी तभी इतना बड़ा कारोबार का अर्से से संचालित था लेकिन पुलिस सिर्फ तीन माह का हवाला दे रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी चिंतानंद साहू, जितेश वर्मा, मिथेन ठाकुर, निर्मल सिंह को पकड़ा गया। इन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## अफसरों भी भूमिका भी संदेह के घेरे में, बीएसपी ने गठित की जांच टीम

बीएसपी और सीआईएसएफ के अफसर, जवानों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। मेन गेट से अगर ठेका श्रमिक अपनी टिफिन लेकर बाहर निकलता है तो सीआईएसएफ के जवान उसे खोलकर चेक करते है। मगर फ्लू डस्ट हाइवा से भरकर बाहर निकलने पर चेक न करना सेटिंग है। फ्लू डस्ट बीएसपी से गोदाम तक पहुंचने में सभी का योगदान रहा होगा। तभी इतना बड़ा कारोबार का खुलासा होने के बाद भी प्रबंधन, भिलाई तीन पुलिस, सीआईएसएफ की भूमिका पर बड़ा सवाल खड़ा है। हाइवा सीजी 04 क्यू.टी. 8797, ट्रक सीजी 10 आर 2004, हाइवा वाहन सीजी 08 ए डब्ल्यू 1475, ट्रक के. सीजी 07 एम.बी. 2455, सीजी 07 सी.ए. 6977, सीजी 04 जे.बी. 9616, जे.सी. बी. के सीजी 08 ए.वाय. 8496, हाईड्रा सीजी 07 सी.डब्ल्यू. 8063, एक चैन माउंट टेन मशीन बिना नंबर जब्त किया गया। उक्त सामानों की कीमत 3.22 करोड़ रुपए का है।

## निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों का तबादला

**भिलाई।** एसएसपी विजय अग्रवाल ने चार निरीक्षक और पांच उप निरीक्षकों का तबादला किया है। जिसमें उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव को पुलिस नियंत्रण कक्ष, श्रद्धा पाठक थाना प्रभारी अंडा, अनिल पटेल थाना प्रभारी उतई, वंदिता पानीकर को बोरी थाना की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा उपनिरीक्षक खगेन्द्र पठारे मोहन नगर, पारस ठाकुर सुपेला, श्री राम पेंड्रो उतई, प्रमोद सिन्हा धमधा, समित मिश्रा को चौकी प्रभारी जेवरा सिरास बनाया गया है। जारी आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन करने का निर्देश दिया गया है।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 31 मई 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

**लाइव इवेंट**

## चित्रकला एवं रंगोली में दिखाया हुनर, 75 बच्चों ने लिया भाग



**भिलाई।** योग लंगर समिति ने पांच दिवसीय चित्रकला एवं रंगोली प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। समापन शनिवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीएसपी भूतपूर्व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.पी. शर्मा थे। विशेष अतिथि दंत रोग विशेषज्ञ एमडीएस डॉ. योगेश कुमार जंघेल, सभापति केशव बंछोर, पार्षद सनीर साहू धर्मेन्द्र भगत, सीमा साहू रामसेवक वर्मा, चंदूलाल मरकाम, पंचराम साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता योग लंगर समिति के संस्थापक व अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने की। कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक चित्रकार हरिसेन, चित्रकार व मूर्तिकार अखिलेश वर्मा, एमएफए पेंटिंग श्रुति राठी ने अपना बहुमुल्य समय कार्यशाला में उपस्थित बच्चों को दिया। लगभग 75 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने पाचों दिन चित्रकला, रंगोली एवं अन्य अलग-अलग विधाओं का ज्ञान अर्जन किया। समापन समारोह में हरिसेन, अखिलेश वर्मा, श्रुति राठी का बस्तर आर्ट एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर योग लंगर समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विजय शंकर राम, सचिव संजय उके, कोषाध्यक्ष नवीन खत्री, संयुक्त सचिव अंजली सिंह, रामशंकर अग्रवाल, मेघनाथ चंद्राकर, गोकुल नगपूरे, उल्लास कोपलवार, ओमप्रकाश पंडित आदि मौजूद थे।



● 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी यात्रा, शहर से 30 जून को रवाना होगा पहला जत्था

# अमरनाथ यात्रा के लिए दुर्ग से अब तक एक हजार से ज्यादा ने कराया रजिस्ट्रेशन, जुलाई का स्लॉट फुल, अगस्त के लिए पंजीयन शुरू

**हर साल अमरनाथ यात्रा के लिए जाने वाले यात्रियों का जत्था बढ़ रहा है। इस बार 3 जुलाई से यात्रा शुरू होनी है। जुलाई के स्लॉट के लिए अब तक एक हजार से ज्यादा भक्तों ने पंजीयन कराया है। वे अलग-अलग माध्यमों से कश्मीर पहुंचेंगे और अमरनाथ की यात्रा करेंगे। 28 अगस्त तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए बैंक और ऑनलाइन माध्यम से रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। हर साल अमरनाथ यात्रा में जाने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने बताया कि उन्हें जुलाई में रजिस्ट्रेशन नहीं मिल पाया, इस वजह से वे यात्रा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।**




**दुर्ग।** जुलाई के अधिकांश स्लॉट लगभग भर चुके हैं, जबकि अगस्त की उपलब्ध तारीखों में पंजीयन हो रहा है। वहीं अगस्त के पहले सप्ताह की बुकिंग चल रही है। अधिकांश लोग 12 अगस्त के पहले तक की बुकिंग चाह रहे हैं। इसके बाद की सीटों पर बुकिंग धीमी है।

वेबसाइट पर श्राइन बोर्ड द्वारा दी जा रही जानकारी के अनुसार देशभर में अब तक साढ़े तीन लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। यात्रा के पहलगाम और बालटाल मार्ग से यात्रा होती है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए इस बार अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने दो फैसले लिए हैं। पहला-दुर्घटना बीमा राशि दोगुनी कर दी गई है। श्राइन बोर्ड ने यात्रा में पंजीकृत तीर्थ यात्रियों, पुजारियों और सेवा प्रदाताओं के लिए दुर्घटना बीमा राशि को 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दिया है। मौसम की मार और कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए पुराने कपड़ों के टेंटों के स्थान पर फाइबर और लोहे से बने आधुनिक प्रीफैब यूनिट तैयार किए जा रहे हैं। दुर्ग से चैनसुख भट्टर और उनके सहयोगियों द्वारा सेवाएं दी जाती है। शिव शक्ति सेवा मंडल चीचा वाले के नाम से यह संस्था लंगर और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करती है। यात्रा 3 जुलाई से बालटाल-सोनमर्ग और पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग से शुरू होगी। 57 दिन की यह यात्रा 28 अगस्त को रक्षा बंधन और सावन पूर्णिमा के दिन संपन्न होगी। रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू हुए थे।


रजिस्ट्रेशन पंजाब नेशनल बैंक, जम्मू-कश्मीर बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक की तय शाखाओं के जरिए हो रहा है। खबर है कि मार्ग में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। बालटाल मार्ग पर 9 किमी और नुनवान-पहलगाम मार्ग पर 8 किमी ट्रैक से बर्फ हटाई जा चुकी है। ट्रैक को 12 फीट चौड़ा करने, सतह सुधारने, रिटेनिंग वॉल और कल्वर्ट बनाने का काम भी चल रहा है।

### मेडिकल कराया लेकिन रजिस्ट्रेशन अब तक नहीं हो पाया

गिरधारी नगर निवासी ज्ञानेश्वर ताम्रकार ने बताया कि उनकी 10 सदस्यीय टीम ने मेडिकल करा लिया है, लेकिन अब तक रजिस्ट्रेशन स्लॉट तय नहीं हो पाया है। इस वजह से दर्शन मिलना संभव नहीं हो पा रहा है, लेकिन वे पहलगाम तक जाएंगे, यदि रजिस्ट्रेशन मिलता है, तो दर्शन के लिए आगे बढ़ेंगे। इसी प्रकार बैगापारा निवासी दादू अहीर अपने पांच सदस्यीय परिवार के साथ अमरनाथ यात्रा के लिए होने वाले हैं। उन्हें 8 जुलाई का रजिस्ट्रेशन मिला है। इसी प्रकार खोमेंद्र अहीर अपनी 20 सदस्यीय टीम के साथ दर्शन के लिए जुलाई में रवाना होंगे। इस प्रकार दुर्ग और भिलाई से बड़ी संख्या में लोग इस बार अमरनाथ यात्रा में जाने की तैयारी में हैं।



**अमरनाथ यात्रा के दो रूट के बारे में भी जानिए...**




**लाइव इवेंट**

## भारत विकास परिषद दुर्ग के अध्यक्ष बने तुलसी सोनी, सचिव लक्ष्मी वर्मा




**दुर्ग।** जलाराम रिसाइकिल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन ब्लड बैंक जिला अस्पताल दुर्ग में किया गया। इसमें लोगों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और 62 यूनिट रक्तदान हुआ। ट्रस्ट के संचालक जया ने बताया कि विगत कई वर्षों से प्रति 6 माह में रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे थे। पिछले वर्ष ट्रस्ट का निर्माण किया। इस शिविर में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ दुर्ग, छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, रेडक्रॉस सोसायटी दुर्ग, नव दृष्टि फाउंडेशन दुर्ग, ट्विनसिटी मोबाईल क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी दुर्ग आदि ने योगदान दिया। कार्यक्रम के समन्वयक चेतन आड़तिया, तृपेश शर्मा, जीवन लाल ताम्रकार और तरुण आड़तिया ने सभी रक्त दाताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

## भारत विकास परिषद दुर्ग के अध्यक्ष बने तुलसी सोनी, सचिव लक्ष्मी वर्मा



**दुर्ग।** राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और सांस्कृतिक जागरण के संकल्प को लेकर कार्यरत भारत विकास परिषद दुर्ग इकाई के नए अध्यक्ष तुलसी सोनी बनाए गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह में प्रांताध्यक्ष विनोद अग्रवाल एवं प्रांत महासचिव मुरारी काबरा की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी ने कार्यभार संभाला। तुलसी सोनी को अध्यक्ष, लक्ष्मी वर्मा को सचिव तथा आशीष शर्मा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस दौरान अतिथियों ने कहा कि तुलसी सोनी का व्यक्तित्व केवल एक सफल चार्टर्ड अकाउंटेंट तक सीमित नहीं है। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी, कुशल संगठनकर्ता, उत्कृष्ट मंच संचालक, समाजसेवी एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रखर संवाहक के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने सांस्कृतिक, सामाजिक एवं खेल गतिविधियों को नई दिशा देने का कार्य किया है। छत्तीसगढ़ मंच के माध्यम से उन्होंने अनेक उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया। पुराना बस स्टैंड दुर्ग में वर्षभर संगीत कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्होंने स्थानीय कलाकारों को पहचान दिलाने का कार्य किया। जिला शतरंज संघ दुर्ग के माध्यम से जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज जब समाज को संस्कार, सेवा और सामाजिक समरसता की आवश्यकता है, ऐसे समय में तुलसी सोनी जैसे ऊर्जावान नेतृत्व का आगे आना न केवल भारत विकास परिषद के लिए बल्कि पूरे दुर्ग जिले के लिए आशा और विश्वास का विषय है।

## पुस्तक विमोचन समारोह आज राकेश पांडेय होंगे मुख्य अतिथि



**दुर्ग।** प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था आरंभ दुर्ग-भिलाई द्वारा 31 मई को भावनात्मक साहित्यिक पुस्तक विमोचन समारोह तथा काव्य-पाठ का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर साहित्यिक संध्या समारोह भी होगा। प्रगति नगर रिसाली में सुबह 11 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में दो महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। इनमें आदरणीय प्रकाश चंद्र मंडल की पुस्तक अभी बहुत सा सफर तय करना बाकी है तथा सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विजय कुमार गुप्ता मुन्ना की कृति सृजन पल का काव्यकुंड शामिल हैं। यह आयोजन साहित्य-साधना, संवेदना, सम्मान एवं सांस्कृतिक आत्मीयता का अनूठा उत्सव माना जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खादी एवं ग्राम उद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडे, डॉ. शिरोमणि माथुर, डॉ. भूपेंद्र कुलदीप प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इस सत्र की संचालिका डॉ. रजनी नेल्सन एवं सहसंचालिका दीप्ति श्रीवास्तव रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान डॉ. विजय कुमार गुप्ता मुन्ना की पुस्तक सृजन पल का काव्यकुंड की समीक्षा आचार्य डॉ. अजय आर्य द्वारा की जाएगी, वहीं प्रकाश चंद्र मंडल की पुस्तक अभी बहुत सा सफर तय करना बाकी है की समीक्षा श्रीमती सरला शर्मा द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। दूसरा सत्र दोपहर 2 बजे शुरू हगा, जिसमें काव्य-पाठ एवं साहित्यिक संध्या में भारती विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा, अब्दुल वहीद खान प्रमुख रूप से मौजूद रहें। इस सत्र की संचालिका नूरसब्बा खान एवं सहसंचालिका दीप्ति श्रीवास्तव रहेंगी।

कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलन, अतिथि सम्मान, पुस्तक विमोचन, पुस्तक समीक्षा, साहित्यिक उद्बोधन, सम्मान समारोह, काव्य-पाठ एवं स्मृति-चिह्न भेंट जैसे अनेक आकर्षण रहेंगे।

## गायत्री परिवार की नशा मुक्त जन जागरण रैली एवं दीप महायज्ञ का आयोजन आज

**दुर्ग।** समाज को नशामुक्त बनाने तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार पोटियाकला द्वारा दिनांक 31 मई को नशा मुक्त जन जागरण रैली एवं दीप महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन शीतला माता मंदिर में होगा। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, आर्थिक स्थिति और सामाजिक जीवन को बुरी तरह प्रभावित करता है। इसी उद्देश्य को लेकर जनजागरण रैली निकाली जाएगी तथा दीप महायज्ञ के माध्यम से स्वस्थ एवं संस्कारित समाज निर्माण का संदेश दिया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 7 बजे से 8:30 बजे तक स्वच्छता अभियान, दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक भोजन-प्रसादी वितरण, शाम 4 बजे से 6 बजे तक नशा मुक्त जन जागरण रैली एवं शाम 6 बजे से 7:30 बजे तक दीप महायज्ञ एवं उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रैली का शुभारंभ गायत्री प्रज्ञा मंदिर पोटियाकला से होगा। समापन शीतला माता मंदिर में किया जाएगा। इसके साथ ही सुबह 8 बजे से 10 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन रखा गया है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं मित्रों सहित कार्यक्रम में शामिल होकर नशामुक्त समाज निर्माण के इस अभियान को सफल बनाएं। साथ ही सभी से घर से पांच दीपक एवं पांच अगरबत्ती लेकर आने का आग्रह किया गया है। तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामेश्वर निषाद, टेमन कुमार साहू, सुनेती साहू, कन्हैयालाल चंद्राकर, प्रेमलाल साहू, अश्वनी साहू, किरण साहू, भामामती साहू, शालिनी साहू उपस्थित रहे।



**बीएमवाई चरोदा में संरक्षा संगोष्ठी और कर्मचारियों के लिए सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन**

**कार्नर न्यूज**

## ट्रेनों के परिचालन में सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता, कर्मियों को दी गई मैनेजमेंट, हॉट एक्सेल, ब्रेक बाइंडिंग, डोर हीटिंग से जुड़ी जानकारी

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर कर्मचारी ट्रेनिंग, स्कूल, परिचालन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएमवाई में संरक्षा सेमिनार भी आयोजित की गई। संरक्षा विभाग द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, यांत्रिक तथा सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर स्पैड से बचाव एवं ऑटोमेटिक सिग्नल ऑन अवस्था में पार करने का प्राधिकार तथा क्रु के द्वारा बरती जानेवाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जानेवाली सावधानियों की निर्धारित गाइडलाइन से अवगत कराया गया।

स्टेशन, यार्ड में ट्रेन का सिक्योरिंग एवं क्लीयरिंग करना, ट्रेन या इंजन में आग लगने पर चालक, परिचालक एवं स्टेशन कर्मचारी द्वारा ली जानेवाली सावधानियां, गुड्स शेड एवं साइडिंग से लोड क्लियर के दौरान हॉट एक्सेल, ब्रेक बाइंडिंग, डोर हीटिंग, असामान्य लोड एवं तारपोलिन को लटकने से बचाव के लिए क्रु, ट्रेन मैनेजर एवं स्टेशन कर्मचारी के द्वारा की जानेवाली जांच, पॉइंट्स एवं सिग्नल की विफलता के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों के द्वारा बरती जानेवाली सावधानियां, प्राथमिक उपचार पेटी का उपयोग एवं प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बताया कि सुरक्षा उपायों के पालन से ट्रेन संचालन और ज्यादा सुरक्षित होगा। कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। आपात स्थिति में तुरंत सही फैसला लिया जा सकेगा। यात्रियों की जान-माल की सुरक्षा मजबूत होगी, जागरूकता लगातार बनी रहे।




### 68 लोकोपायलट और अन्य कर्मचारी हुए शामिल

कार्यशाला में रायपुर मंडल के दुर्ग और रायपुर क्षेत्र से 68 लोकोपायलेट और अन्य कर्मचारी शामिल हुए। इस संरक्षा सेमिनार में सुरेश चन्द्र, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी के साथ-साथ संरक्षा सलाहकारों ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन, रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 68 लोगों ने भाग लिया।

### सिग्नल, पॉइंट और आपसी समन्वय सबसे ज्यादा जरूरी

अधिकारियों ने बताया कि ट्रेनों को जोड़ने-अलग करने के समय अक्सर छोटी दूरी पर मूवमेंट होता है। इस दौरान सिग्नल, पॉइंट और आपसी समन्वय बहुत जरूरी होता है। कर्मचारियों को बताया गया कि इस दौरान जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं है। कर्मचारियों को एक्सपर्ट ने बताया अगर ब्रेक ठीक से नहीं लगाया गया तो ढलान पर खड़ी ट्रेन खिसक सकती है। ऐसे में ट्रेन को सुरक्षित करते समय पूरी सतर्कता जरूरी है। गर्मी में रेल की पटरियां फैलती हैं। इसलिए इंजीनियरिंग विभाग को पहले से ट्रैक चेकिंग, मरम्मत और जरूरी काम करने के निर्देश दिए गए, ताकि गर्मी में ट्रैक से जुड़ी समस्या न हो। प्राथमिक उपचार पेटी (फर्स्ट एड बॉक्स) और आग बुझाने वाले यंत्र को चलाकर दिखाया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर कर्मचारी घबराएं नहीं।

सिटी इवेंट

## गर्मी पर भारी पड़ा बच्चों के संस्कारों का ताप, सिंचन शिविर का समापन



**भिलाई।** स्वामी गोविंद देव गिरी की प्रेरणा और दिव्य आशीष से गीता परिवार द्वारा आयोजित छह दिवसीय बाल संस्कार सिंचन शिविर का समापन संस्कृति गौरव एवं आशीर्वाद समारोह के रूप में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल रहे। विजय बघेल ने कहा कि आजकल के समय में ऐसे संस्कार शिविरों की अत्यंत आवश्यकता है। आज समाज और प्रत्येक व्यक्ति अपनी छोटी-छोटी समस्याओं एवं उलझनों के बोझ से दबा हुआ है और इन समस्याओं का समाधान बाहर खोज रहा है। किंतु अपने अधिकारों की बात करते समय व्यक्ति यह भूल जाता है कि उसके स्वयं के प्रति, समाज के प्रति और परिवार के प्रति कुछ निजी एवं मौलिक कर्तव्य भी हैं। यदि हम उन मौलिक कर्तव्यों का समुचित रूप से पालन करते हुए चलें और अपनी जिम्मेदारियों को समझें, तो संसार की सारी समस्याओं का समाधान स्वतः हो जाएगा। यही हमारी श्रीमद्भगवद्गीता भी कहती है कि हमें समस्यामूलक नहीं, बल्कि समाधानमूलक जीवन जीना चाहिए। जीवन तो समस्याओं से भरा ही हुआ है, यह जीवन किसी महाभारत के युद्ध से कम नहीं है, किंतु हमें फल की चिंता किए बिना केवल अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना है। 90 से अधिक बच्चों ने इस शिविर में अपने धैर्य, अटूट लगन और कड़े परिश्रम के बल पर जीवन को एक नवीन सकारात्मक दिशा दी। 25 मई से निरंतर चल रहे इस पूर्ण-दिवसीय निःशुल्क शिविर में बच्चों ने प्राचीन भारतीय विधाओं के साथ-साथ आधुनिक जीवन मूल्यों को खेल-खेल में आत्मसात किया। न केवल बच्चों की आंतरिक प्रतिभाओं, आत्मविश्वास, स्मरण शक्ति, एकाग्रता, अनुशासन, मेधा एवं त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को निखारा गया, बल्कि उनके शारीरिक संवर्धन तथा संस्कृति एवं कला के प्रति भी मन में जागरूकता का गहरा भाव उत्पन्न किया गया। इसके साथ ही खेल, कथा-कहानियों और जीवन प्रसंगों के माध्यम से उनके भीतर धार्मिक एवं नैतिक मूल्यों के संस्कारों का सुंदर सिंचन किया गया। गीता परिवार के अध्यक्ष गीत गोविन्द साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की इस पावन धरा पर संस्कारों के एक नए युग का आरम्भ हुआ है, जो आने वाली पीढ़ियों का मार्ग प्रशस्त करेगा। मां शारदा पब्लिक स्कूल सेक्टर-9 का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अध्यक्षा भूमिजा बेंडाले, सचिव आशुतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष माधुरी पाटिल तथा प्रांतीय सचिव इंद्रसेन अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।




सिटी लाइव

## संविदा शिक्षकों के 225 पदों पर भर्ती, ऑनलाइन आवेदन 8 जून तक

**भिलाई।** जिले के शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार का मौका है। शिक्षा विभाग ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में नौकरी निकाली है। जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग ने जिले में संचालित उत्कृष्ट विद्यालयों में शिक्षकीय और गैर-शिक्षकीय पदों पर संविदा भर्ती के लिए भर्ती निकाली है। 225 पदों पर भर्ती की जानी है, जिनमें सबसे ज्यादा पद सहायक शिक्षकों के लिए रिक्त हैं। इन पदों में सबसे अधिक 194 पद अनारक्षित वर्ग के लिए हैं, जबकि 29 पद एसटी और 2 पद ओबीसी वर्ग के लिए निर्धारित हैं। इसके लिए निर्धारित योग्यता वाले अभ्यर्थी 8 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को durg.gov.in या पोर्टल cgssa.in/sagesdurg/ पर जाना होगा। अपने बारे में पूरी जानकारी समिट करनी होगी। प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन है। किसी भी स्थिति में ऑफलाइन आवेदन नहीं लिए जाएंगे। यानी स्पीड पोस्ट या अन्य माध्यमों से भेजे गए आवेदन अस्वीकार्य होंगे। अधिकारियों ने बताया कि रिक्त पदों में सहायक शिक्षक 31 पद, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोग 28 पद, व्याख्याता अंग्रेजी 16 पद, व्याख्याता वाणिज्य 13 नियमित व 2 बैकलॉग पद, व्याख्याता हिन्दी 14 पद, व्याख्याता संस्कृत 12 पद, व्याख्याता भौतिक 11 पद, व्याख्याता रसायन 10 पद, व्याख्याता जीव विज्ञान 10 पद, व्याख्याता सामाजिक विज्ञान 9 पद, व्याख्याता गणित 9 पद, व्यायाम शिक्षक 11 पद, ग्रंथपाल 10 पद, शिक्षक विज्ञान 6 पद, शिक्षक गणित 6 पद, शिक्षक अंग्रेजी 5 पद, शिक्षक कम्प्यूटर 5 पद, शिक्षक संस्कृत 3 पद, शिक्षक हिन्दी 2 पद और शिक्षक कला बैकलॉग 1 पद हैं। इस बारे में अधिक जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है।

## राज्यपाल डेका ने किया सेवा सरिता का विमोचन, रखे विचार



**दुर्ग।** राज्यपाल रामेन डेका ने सेवा सरिता दस्तावेज का विमोचन किया गया। ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के सचिव, जिला चिकित्सालय के जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर के 30 वर्षों के सेवा एवं रचनात्मक कार्यों का लेखा जोखा तथा संग्रहित दस्तावेज सेवा सरिता का विमोचन राजभवन में किया गया। सदस्यों ने सार्थक चर्चा की। विमोचित संग्रह का राज्यपाल द्वारा अवलोकन भी किया गया। उक्त संग्रह को लाइब्रेरी में रखने का आदेश भी दिया। इस अवसर पर ओम सत्यम शिक्षण एवं जन विकास समिति के अध्यक्ष सीता राम ठाकुर भी उपस्थित थे।

**वर्ल्ड नो टोबैको डे : भिलाई-दुर्ग में आज निकलेगी जगह-जगह जागरुकता रैली, हेल्थ कैंप भी**

# सिगरेट-तंबाकू से कमजोर न करें फेफड़ा, इस बुरी आदत से तौबा करने का सबसे अच्छा मौका, तुरंत लें छोड़ने का निर्णय

**दुर्ग।** डब्ल्यूएचओ के मुताबिक सिगरेट, सिगार, बीड़ी, वाटरपाइप और हुक्का पीने से फेफड़ों को अत्यधिक नुकसान पहुंचता है। तम्बाकू चबाने पर खतरा ज्यादा है। वर्ल्ड 31 मई को वर्ल्ड नो टोबैको डे यानी तंबाकू निषेध दिवस मना रहा है। एक सर्वे के मुताबिक 27 फीसदी टीनएजर्स ई-सिगरेट पीते हैं। उनका मानना है कि ये स्मोकिंग खतरनाक है। आगे चलकर यह एक आदत का रूप ले लेती है। इसके बाद फेफड़ों में संक्रमण, सांस लेने में दिक्कत और दिल की बीमारी तक हो सकती है। धूम्रपान से कर्क रोग हो सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो सिगरेग या तम्बाकू छोड़ने के लिए कम से कम 41 दिन का समय चाहिए होता है। अगर तीन महीने तक कोई तम्बाकू नहीं लेता या स्मोकिंग नहीं करता तो वापस इसे शुरू करने की आशंका 10 फीसदी से भी कम रह जाती है। इन दिनों ई-सिगरेट चलन में है, यह सिगरेट जितना ही खतरनाक हो सकता है। ई-सिगरेट में खासतौर पर एक लिक्विड होता है, जिसमें अक्सर निकोटिन के साथ दूसरे फ्लेवर होते हैं। हमें इसकी लत लग जाती है और फेफड़े भी डैमेज होते हैं। डब्लूएचओ की मानें तो दुनियाभर में हर साल 80 लाख से अधिक लोगों की मौत हो रही है। इनमें 70 लाख मौत सीधे तौर पर तम्बाकू लेने वालों की हो रही हैं और दुनिया छोड़ने वाले करीब 12 लाख ऐसे लोग हैं जो धूम्रपान करने वालों के आसपास होने के कारण प्रभावित हुए।

### थीम : आकर्षण का पर्दाफाश-निकोटिन और तंबाकू की लत का मुकाबला




इस बार विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई को मनाया जाएगा। इस बार की थीम आकर्षण का पर्दाफाश-निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय दुर्ग में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा जन-जागरूकता हेतु रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता नारे लगाए गए तथा आमजन को तंबाकू से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों की जानकारी देने के लिए आईईसी सामग्री का वितरण किया गया। इसके बाद जिला चिकित्सालय के प्रांगण में तंबाकू से होने वाले दुष्परिणाम विषय पर रोल प्ले नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को तंबाकू एवं निकोटीन की लत से दूर रहने, तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों द्वारा तंबाकू सेवन न करने तथा अपने आसपास के लोगों को भी तंबाकू एवं निकोटीन उत्पादों का सेवन न करने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली गई। सभी ने तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिंज, अस्पताल सलाहकार डॉ. ओपी वर्मा, डॉ. सोनल सिंह, डॉ. आरके मल्होत्रा, डॉ. हेमंत साहू, डॉ. विनिता धुर्वे, डॉ. बालवेंद्रे, डॉ. रेनू तिवारी, मेट्रन चित्ररेखा बोरकर सहित अन्य मौजूद थे।





### भारत में पिछले 10 साल में बढ़ा तंबाकू से मौत का आंकड़ा

जानकारी के मुताबिक वैश्विक स्तर पर, तंबाकू का सेवन सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। यह न केवल जीवन की हानि का कारण बनता है बल्कि इसके भारी सामाजिक और आर्थिक परिणाम भी होते हैं। भारत में वर्ष 2017-18 में 35 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए तंबाकू के सेवन से होने वाली सभी बीमारियों की वजह आर्थिक क्षति पहुंच रही है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार विश्वभर में 13-15 वर्ष की आयु के कम से कम 4 करोड़ बच्चे तंबाकू उत्पादों का सेवन करते हैं। युवाओं में ई-सिगरेट और निकोटीन पाउच का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई से पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया भर की सरकारों से आग्रह किया है कि वे नई पीढ़ी को तंबाकू और निकोटीन उत्पादों की लत से बचाएं।

**35 से अधिक लोगों ने किया ब्लड डोनेट**

## बेटी के जन्मदिन पर अनूठी पहल पिता ने लगाया रक्तदान शिविर




**दुर्ग।** आज के दौर में जहां अधिकांश लोग अपने बच्चों का जन्मदिन केक काटकर और उत्सव मनाकर मनाते हैं, वहीं कसारीडीह सुभाषनगर निवासी अधिवक्ता गौरव शर्मा ने अपनी बेटी के 13वें जन्मदिन को मानव सेवा के लिए समर्पित कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। बेटी संस्कृति शर्मा के जन्म दिवस के अवसर पर शनिवार को उन्होंने श्री साई मंदिर परिसर कसारीडीह में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 35 से अधिक रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन बचाने का संकल्प लिया। शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करने और रक्तदान को लेकर जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से उपहार के तौर पर हेलमेट व हैण्डवाच के अलावा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। रक्तदाताओं को हेलमेट प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने का संदेश देना भी रहा। शिविर में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए और रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। शिविर में रक्तदान करने वालों ने कहा कि किसी जरूरतमंद को जीवनदान देने से बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता है। रक्त संग्रहण की जिम्मेदारी ब्लड बैंक के प्रमुख श्याम केसवानी एवं उनकी तकनीकी टीम ने संभाली। टीम ने सभी आवश्यक स्वास्थ्य मानकों का पालन करते हुए रक्त संग्रहण किया और रक्तदाताओं का मार्गदर्शन भी किया। इस अनूठी एवं सेवाभावी पहल की रक्तदाताओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों ने जमकर सराहना की। शिविर में शामिल लोगों का कहना था कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसरों को समाज सेवा से जोडऩे की यह पहल न केवल प्रेरणादायी है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का भी सशक्त माध्यम है। शिविर में वरिष्ठ अधिवक्ता लखनलाल शर्मा, संस्कृति की मां नीलम शर्मा, कसारीडीह वार्ड के पार्षद प्रकाश गीते, श्री साई मंदिर समिति अध्यक्ष धनेन्द्र कांत चंदेल, मुरलीधर राऊत आदि मौजूद थे।

**हफ्ते के हर बुधवार को लगेगा शिविर**

## उरला में हमर क्लीनिक, निगम से जुड़ी समस्याओं का होगा निराकरण

**दुर्ग।** आईएचएसडीपी आवास उरला में हर बुधवार सुबह 10 बजे से एक बजे तक हमर क्लीनिक का संचालन किया जाएगा। जहां लोगों का हेल्थ चेकअप किया जाएगा।

इसके अलावा जोन कार्यालय में निगम के जिम्मेदार अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहेंगे, जो राशनकार्ड, पेंशन, पेयजल, बिजली सहित अन्य समस्याओं की शिकायतें सुनेंगे। उनका निराकरण करेंगे। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर यह सुविधा शुरू की गई है। इसके बाद हर बुधवार बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। साथ ही उन्हें निगम से जुड़ी शिकायतों के लिए मुख्य कार्यालय जाने की जरुरत नहीं पड़ रही, उनकी समस्याओं का यहीं निराकरण किया जा रहा है।







**तीन दिवसीय निःशुल्क योग एवं पंचकर्म चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर कोहका में शुरू**

## निरोग और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योग और आयुर्वेद की महत्वपूर्ण भूमिका, एक जून तक शिविर का आयोजन

कार्नर न्यूज

भिलाई। स्वामी रामदेव के शिष्य एवं पतंजलि योग समिति के मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव के सानिध्य में तीन दिवसीय निशुल्क योग एवं पंचकर्म चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शनिवार की सुबह हुआ। मनसा कॉलेज कोहका में आयोजित इस शिविर के पहले दिन लगभग 600 से 700 शिविरार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अपने उद्बोधन में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव ने आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दैनिक जीवन में उपयोगी सरल घरेलू औषधियों एवं स्वास्थ्यवर्धक उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ, निरोग और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योग और आयुर्वेद की महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही उन्होंने पतंजलि योगपीठ के उन समर्पित कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया जो योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यकर्ता भविष्य के निरोग, सशक्त और संस्कारित भारत के वास्तविक निर्माता हैं।



### दी जा रही योग और पंचकर्म चिकित्सा की शिक्षा

तीन दिवसीय शिविर में योग और पंचकर्म की शिक्षा दी जा रही है। मास्टर ट्रेनर और योग से लंबे समय से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा योग के फायदे, पंचकर्म से होने वाले इलाज के बारे में जानकारी दी जा रही है। योग के विभिन्न आसनों, पंचकर्म पद्धतियों के बारे में अवगत कराया जा रहा है। प्रतिदिन शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। विशेष रूप से बुजुर्ग और महिलाएं उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। पहली बार है जब इस प्रकार का शिविर आयोजित किया जा रहा है।



### 1 जून तक आयोजित किया जा रहा योग शिविर

कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन अनूप बंसल, जयंत विष्णु भारती तथा नरेंद्र पटेल द्वारा किया जा रहा है। शिविर 1 जून तक आयोजित है। शिविर के उद्घाटन अवसर पर राकेश दुबे, छविराम साहू, मनसा कॉलेज के डायरेक्टर संजीव सक्सेना और मेजर सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर की व्यवस्था एवं संचालन में तिजऊ राम साहू, बिसेन, राजेश तिवारी, शंभू कुशवाहा, शत्रुघ्न साहू, बलवंत सिंह, सुमन भारती, अनामिका पुरी, सुधा सोनी, जागेश्वर साहू, विमला राय, बसंत वर्मा और आरपी शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशिष्ट सहयोग है। शिविर आगामी 1 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें योग, प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा एवं पंचकर्म से संबंधित व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## निधन

### शिवमंगल प्रसाद शुक्ला



**भिलाई।** विद्या विहार नेहरू नगर निवासी व भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत कर्मचारी शिवमंगल प्रसाद शुक्ला (87 वर्ष ) का 30 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम भिलाई में किया गया। वे छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के प्रांताध्यक्ष व कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला के पिता थे।

### सुहद्रा वर्मा



**भिलाई।** सुभाष चौक भिलाई- 3 वार्ड- 9 निवासी सुहद्रा वर्मा का निधन शनिवार की शाम हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 31 मई को सुबह 9 बजे निवास से एकता नगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे सेवानिवृत्त सीएसईबी कर्मी ढालसिंग वर्मा की पत्नी, सार्वजनिक दशहरा समिति के संरक्षक मनीष वर्मा, हरीश, उमेश एवं सतीश वर्मा की मां थीं।

### मनहरण लाल साहू



**दुर्ग।** नवीन माध्यमिक विद्यालय के पूर्व प्रधान पाठक और सुंदरनगर बोरसी निवासी मनहरण लाल साहू का 65 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को शिवनाथ मुक्तिधाम में किया गया। वे गीतांजलि साहू के पति, आशीष तथा भूमिका के पिता थे।

### कम मजदूरी से बिफरे मजदूर विरोध करने पहुंचे जनपद दफ्तर

# चार दिन की मजदूरी मिली 40 रुपए मनरेगा का किया मजदूरों ने बहिष्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭सेलूद

पाटन ब्लॉक के सेलुद समीपस्थ ग्राम छाटा में मनरेगा कार्यस्थल पर उस समय हंगामे की स्थिति बन गई जब मजदूरों के खातों में मजदूरी राशि जमा होने के बाद भुगतान में कथित गड़बड़ी सामने आई। मजदूरों का आरोप है कि चार दिन की मजदूरी का भुगतान खाते में आने के बाद कई श्रमिकों के खाते में मात्र 10 रुपये एक दिन की मजदूरी के रूप में डाले गए, जिससे आक्रोश फैल गया। मामले से नाराज सैकड़ों की संख्या में मजदूरों ने कार्य स्थल पर चल रहे काम का बहिष्कार कर दिया और वहीं धरने पर बैठ गए। मजदूरों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में जब नवतपा चल रहा लोगों का घर से निकलना मुश्किल है ऐसे गर्मी मे भी नियमित रूप से कार्य किया है, इसके बावजूद उन्हें निर्धारित मजदूरी नहीं मिली।

मजदूरों ने मेट पर कम मजदूरी दर्ज कराने और भुगतान में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत के सरपंच भी मौके पर पहुंच गए और मजदूरों से चर्चा कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। धरने पर बैठे मजदूरों ने भुगतान की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई तथा बकाया मजदूरी का तत्काल भुगतान करने की मांग की है।

बताया जा रहा है कि मजदूरों का एक प्रतिनिधिमंडल आज जनपद पंचायत पाटन पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराया गांव में इस मामले को लेकर काफी नाराजगी है और मजदूरों का कहना है कि जब तक उन्हें उचित मजदूरी नहीं मिलेगी, तब तक वे काम पर वापस नहीं लौटेंगे। अब सभी की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई है।



# कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता जनहित में संघर्ष के लिए रहें तैयारः चैतन्य

हरिभूमि न्यूज ⏭पाटन

प्रदेश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाटन द्वारा संगठन सृजन के तहत बूथ एवं पंचायत कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक तेलीगुंडरा, भंसूली, डंगनिया, खम्हरिया में शनिवार को आयोजित की गई।

- कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत गांव गांव में बूथ गठन जारी


बैठक में मुख्य रूप से आईसीसी महासचिव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल ने संगठन सृजन के तहत हमारे वरिष्ठों, युवाओं, महिलाओं में सामंजस्य स्थापित करते हुए सभी की सहभागिता कांग्रेस पार्टी के लिए सुनिश्चित करना है। जनहित मुद्दों पर संघर्ष के लिए हमेशा अग्रसर रहे। भाजपा के कुशासन से जनता त्रस्त हो चुकी है। महंगाई चरम सीमा पर है, किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं सहित सभी वर्ग कुशासन का दंश झेल रही है। हमें सबके हित की लड़ाई में साथ देना है। बैठक में मुख्यमंत्री बघेल के पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा ने कहा कि हमें कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं एकजुट होकर काम करें। आपसी मतभेद को भूल कर कांग्रेस पार्टी एवं जननेता भूपेश बघेल के लिए काम करें तभी भाजपा के निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू, जनपद सदस्य दिनेश साहू, मंडल अध्यक्ष अजय सिंगौर ने भी संगठन को मजबूती देने के लिए विचार साझा किए। बैठक का संचालन सेक्टर प्रभारी मनीष पटेल ने किया।

इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अशोक कुमार, मंडल अध्यक्ष अजय सिंगौर, जनपद सदस्य दिनेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश ठाकुर, भेदप्रकाश वर्मा, जनार्दन सेन जिला कांग्रेस, डा हेमंत साहू महामंत्री, दिनेश साहू, डा के के साहू, किशोर साहू, सोहन वर्मा, उत्तम साहू, महेश साहू, दानीराम तारक, सुंदर साहू, बिसहत निर्मल, गोपाल साहू, सदाराम बंजारे, रामचरण साहू, जगदीश साहू, देवेंद्र मंडल, हेमलाल साहू, भुवन यादव, बिट्टू निर्मल, महिप साहू, यशवंत साहू, टीका साहू, टिकेश्वरी साहू, सुनीति ठाकुर, सतीश साहू, अमित साहू, गिरवर तारक, परस यादव, जालम साहू, अनूप साहू, बल्लू साहू, नोहर देवांगन, हरिश्चंद्र यादव, लच्छू साहू और कामता साहू सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## बिजनेस साइट

### सहेली अलंकरण को मिल रहा है ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद





**भिलाई।** ज्वेलरी शोरूम सहेली अलंकरण ने अपनी 34वीं वर्षगांठ के अवसर पर ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। इस विशेष सेलिब्रेशन ऑफर में गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग व लेबर चार्ज में विशेष छूट दी जा रही है। साथ ही पुराने सोने के एक्सचेंज पर 101 प्रतिशत तक का लाभ और हर खरीदारी पर मुफ्त इंश्योरेंस सुविधा भी ग्राहकों को मिलेगी। भिलाई के ज्वेलरी बाजार में इन दिनों खरीदारी का माहौल गर्म है। शहर के प्रसिद्ध ज्वेलरी ब्रांड सहेली अलंकरण ने अपनी स्थापना के 34 वर्ष पूरे होने के अवसर पर ग्राहकों के लिए मेगा ऑफर्स पेश किए हैं। सीमित अवधि के लिए शुरू की गई इस विशेष स्कीम में गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी खरीदने वाले ग्राहकों को कई आकर्षक लाभ दिए जा रहे हैं। सहेली अलंकरण ने ग्राहकों को पुराने सोने के एक्सचेंज पर 101 प्रतिशत तक का विशेष लाभ देने की भी घोषणा की है। इसके अलावा डायमंड ज्वेलरी के लेबर चार्ज पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। संस्थान की ओर से हर ज्वेलरी खरीद पर आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के माध्यम से मुफ्त इंश्योरेंस सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। यह विशेष ऑफर भिलाई स्थित आकाश गंगा, सुपेला और जवाहर मार्केट, पावर हाउस शाखाओं में उपलब्ध रहेगा।

### अतुल ऑटो में हर ऑटो की खरीदी पर एलईडी टीवी उपहार



**भिलाई।** शहर के व्यापारियों, ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। अब भिलाई में भी अतुल ऑटो के आधुनिक और दमदार कमर्शियल वाहन उपलब्ध हो गए हैं। सुपेला रोड स्थित गीता मोटर्स को अतुल ऑटो का अधिकृत विक्रेता बनाया गया है, जहां डीजल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक मॉडल्स की विस्तृत रेंज ग्राहकों के लिए पेश की जा रही है। गीता मोटर्स द्वारा लॉन्च किए गए इन वाहनों में इलेक्ट्रिक और पारंपरिक दोनों प्रकार के मॉडल शामिल हैं, जो व्यापार को नई ऊंचाइयां देने में सक्षम बताए जा रहे हैं। कंपनी ने बढ़ती ईंधन कीमतों और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों पर विशेष फोकस किया है। कंपनी के अनुसार यह वाहन लगभग 207 किलोमीटर तक का इंटरसिटी माइलेज देने में सक्षम है। साथ ही इसकी बैटरी केवल 6 घंटे में 0 से 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है। अतुल ऑटो में हर ऑटो की खरीदी पर एलईडी टीवी उपहार स्वरूप दिया जाएगा। वाहन में ड्राइवर और यात्रियों के लिए अधिक स्पेस दिया गया है, जिससे सफर आरामदायक बनता है। गीता मोटर्स में कार्गो और सवारी दोनों प्रकार की गाड़ियां उपलब्ध हैं। इनमें अतुल जेमी, अतुल शक्ति डीजल कार्गो, अतुल रिक प्लस, अतुल स्मार्ट कार्गो सीएनजी और अतुल जेम जैसे मॉडल शामिल हैं। कंपनी ने अपने वाहनों में 435 सीसी एयर कूल इंजन का विकल्प भी उपलब्ध कराया है। साथ ही पुली वाले साधारण इंजन में भी वाहन उपलब्ध होने की जानकारी दी गई है। व्यापार विशेषज्ञों का मानना है कि अतुल के इन वाहनों की उपलब्धता से भिलाई और आसपास के क्षेत्रों में छोटे और मध्यम व्यापारियों को काफी फायदा मिलेगा। इच्छुक ग्राहक गीता मोटर्स, लक्ष्मी मार्केट के सामने, सुपेला रोड, भिलाई में संपर्क कर सकते हैं।

### अग्निशमन व औद्योगिक सुरक्षा में रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर और सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू है। 10वीं, 12वीं, स्नातक और स्नाकोत्तर किसी भी संकाय से आयु 17 से 40 वर्ष फायर और



औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम व फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है। मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान और रोजगार विकास के लिए पंजीकृत संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है। फायर और औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों पर होता है। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन और अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है। संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट सहित अन्य कंपनियों में कार्यरत कर रहे है। संस्था भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर और सेफ्टी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों और सफल अभ्याथियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। सभी जाति वर्ग के संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

### जानकारी के अभाव में बिगड़ता है हेपेटाइटिस रोग : डॉ. एचसी अग्रवाल

**भिलाई।** प्रसिद्ध वायरोरिसर्च के संचालक डॉ. एच.सी. अग्रवाल स्टेशन रोड दुर्ग ने लीवर (यकृत) की बीमारी



के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लीवर और हेपाटाईटिस की बीमारी दोनों अलग-अलग हैं, जबकि लोग इसे एक ही समझते हैं। हेपाटाईटिस एक वायरस जन्य रोग है जबकि लीवर रसायनिक प्रक्रिया (केमिकल कम्पाउण्ड) के कारण होता है। जानकारी के अभाव नें लोग लीवर के टेस्ट कराते हैं तो वो स्वस्थ पाया जाता है और पता चलता है कि उसे हेपाटाईटिस है। ऐसे में कई बार मरीज की जान तक जा सकती है। हेपाटाईटिस अगर बिगड़ जाता है तो वो सीधे लीवर को संक्रमित करता है। उन्होंने वायरस के बारे में बताया कि वायरस एक तत्व है जीव नहीं ये सिर्फ आयुर्वेद के रस रसायन के द्वारा जड़ से खत्म किया जा सकता है।


# मोहारी भाठा को पुरई में रखने की मांग को लेकर एकजुट हुए ग्रामीण, शासन से गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭उतई



- तहसीलदार से हस्तक्षेप की मांग, ग्रामीणों ने बिना सहमति बदलाव का किया विरोध

ग्राम पंचायत पुरई के वार्ड क्रमांक 20 मोहारी भाठा (बावापारा) के निवासरत परिवारों ने अपनी बसाहट को ग्राम पंचायत पुरई में यथावत बनाए रखने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय दुर्ग पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की कि वार्ड क्रमांक 20 को बिना पूर्व सूचना, बिना ग्रामवासियों की सहमति एवं बिना सार्वजनिक जानकारी के किसी अन्य ग्राम पंचायत में शामिल नहीं किया जाए।

ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से ग्राम पंचायत पुरई के निवासी हैं तथा पंचायत क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रकार के करों एवं शासकीय दायित्वों का नियमित निर्वहन करते आ रहे हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार का प्रशासनिक परिवर्तन स्थानीय निवासियों की जानकारी एवं सहमति के बिना किया जाना उचित नहीं होगा। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि मोहारी भाठा (बावापारा) के निवासरत परिवारों की अनुपस्थिति में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक गतिविधि, सीमांकन, सर्वेक्षण, निरीक्षण अथवा अन्य कार्यवाही न की जाए तथा वार्ड की वर्तमान प्रशासनिक स्थिति को यथावत बनाए रखा जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में वार्ड क्रमांक 20 की पूर्व पंच राजेश्वरी बालाराम साहू, लोचन बाई साहू, सोनऊ राम साहू, श्यामली पटेल, शांति गोस्वामी, ईश्वरी सोनी, उमा बाई, कुसुम प्रजापति, दिव्या यादव, कुसुम, शगुन, श्याम बाई, भुनेश्वरी, गिरजा यादव, अंजलि बाई, लता साहू, ममता ताम्रकार ,शारदा देवी एवं प्रभावित परिवारों के मार्गदर्शन हेतु किसान नेता एवं जनपद सदस्य ढालेश साहू उपस्थित रहे।



# वीर अभिमन्यु नाटक ने जीता दर्शकों का दिल

**अंडा।** अंडा समीपस्थ ग्राम डौकीडीह में आयोजित तीन दिवसीय लीला नाटक कार्यक्रम का शुक्रवार 29 मई को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम के अंतिम दिन "वीर अभिमन्यु नाटक" की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे देखने बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों से दर्शक पहुंचे। नवां अंजोर नाट्य संस्था बोरीगारका (उतई) के कलाकारों ने महाभारत के वीर योद्धा अभिमन्यु के अद्भुत शौर्य, साहस और बलिदान को जीवंत अभिनय के माध्यम से मंच पर प्रस्तुत किया। चक्रव्यूह में प्रवेश करने और वीरतापूर्वक युद्ध करते हुए अभिमन्यु के बलिदान के दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय, संवाद अदायगी और आकर्षक मंच सज्जा ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं एवं दर्शकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर नाटक का आनंद लिया। अंतिम दिन चढ़ौती कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासियों, अतिथियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त किया। तीन दिनों तक चले इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन ने क्षेत्र में भक्ति, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

- डौकीडीह में तीन दिवसीय लीला नाटक का भव्य समापन

### निराश्रितों को 7 माह से नहीं मिली पेंशन की राशि

**उतई।** दुर्ग जनपद के पूर्व सदस्य उतई व्यापारी संघ के अध्यक्ष सतीश पारख ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार गरीबों, बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं के प्रति असंवेदनशील हो चुकी है। प्रदेश भर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धा, दिव्यांग और विधवा पेंशन पिछले 7 महीनों से हितग्राहियों को नहीं मिल रहा है। एक तरफ साय सरकार पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार मना रही है, वहीं, दूसरी ओर जरूरतमंदों को महज 500 रु. का पेंशन भी नहीं मिल रहा है। सुशासन तिहार के शिविरों में बड़े-बड़े टेंट, माइक में प्रदेश भर में करोड़ों रूपए फूंके जा रहे हैं, दूसरी ओर निराश्रित और जरूरतमंदों का पैसा रोका गया है।

सतीश पारख ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन प्राप्त करने वालों की उम्र 60 से अधिक की होती है, वहीं उनमें से कई शुगर और ब्लड प्रेशर के मरीज है। एक तो उन्हें घर से पैसा नहीं मिलता और सामाजिक परिवेश अब कुछ ऐसा बन चुका है कि ज्यादातर परिवारों मे बुजुर्गों को एक उम्र के बाद परिवार के बीच अहमियत नहीं मिल पाती। ऐसी स्थिति में वे अपनी स्वास्थ्यगत सेवाओं के लिए शासन से मिलने वाली छोटी सी ही सही पेंशन सहायता राशि पर ही निर्भर होते हैं। वह भी पिछले पांच/सात माह से उन्हें न मिले तो सहज ही अंदाज लगाया जा सकता है कि उनकी स्थिति क्या होगी?

सतीश पारख ने दावा किया कि 500 रु. की छोटी रकम के रूप में मिलने वाली पेंशन को सरकार नहीं दे पा रही है।प्रधानमंत्री आवास मामले में भी अनेक विसंगतियों के चलते जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है उतई नगर पंचायत में ही गलत तरीके से लोगों को प्रधानमंत्री आवास दिए जा रहे है।

### किशोरी बालिकाओं के बीच बांटे सेनेटरी नेपकिन



अंडा। सुशासन तिहार का आयोजन ग्राम पंचायत बेलौदी में किया गया। शिविर में विधायक ललित चंद्राकर ,एसडीएम हरिवंश मिरी जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे उपस्थित थे। शिविर में 6 गर्भवती माताओं की गोद भराई का कार्यक्रम किया गया एवं 10 किशोरी बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया ।

**भाजपा की नीतियों को लेकर किया पलटवार**

## दोगुनी आय का वादा करने वाली भाजपा उत्पादन घटाने दे रही सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭अंडा



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख ने कहा है कि आय दोगुनी करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार अब किसानों को उत्पादन कम करने की सलाह दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐसी अपील जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसी है. आगे कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्क फ्रॉम होम की सलाह देना देश के मेहनतकश वर्ग का मजाक उड़ाने जैसा है। केशव बंटी हरमुख ने सवाल उठाया कि फेरी लगाकर सामान बेचने वाले, मजदूर, खेतों और बाजारों में काम करने वाले लोग घर बैठकर कैसे जीवन चलाएंगे? उन्होंने कहा कि देश का किसान पहले ही खाद की कमी और महंगे उर्वरकों के कारण परेशान है। छत्तीसगढ़ में हर साल लगभग 15 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता होती है, लेकिन अब तक केवल 51 हजार मीट्रिक टन उर्वरक ही समितियों तक पहुंच पाया है। ऐसे में किसान फसलों की उत्पादकता घटने और कर्ज के बोझ तले दबने को मजबूर हैं।

## सुशासन तिहार के नाम से हो रहा सरकारी खजाने का दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭उतई



भारतीय जनता पार्टी कि सरकार द्वारा आयोजित सुशासन तिहार पर दुर्ग जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी ने सीधे सरकार कि नाकामी को गिनाते हुए कहा यदि प्रशासन वर्षभर प्रभावी ढंग से कार्य करे तो विशेष अभियानों और आयोजनों पर करोड़ों रुपये खर्च करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सुशासन तिहार के दौरान अधिकारियों के दौरे, कार्यक्रमों की व्यवस्था, प्रचार-प्रसार, मंच निर्माण, वाहनों और अन्य व्यवस्थाओं पर सरकारी धन खर्च होता है। उनका आरोप है कि यह राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और रोजगार जैसी प्राथमिक आवश्यकताओं पर अधिक उपयोगी ढंग से खर्च की जा सकती थी लेकिन सरकार सुशासन के नाम से अपने प्रचार में लगा है यदि प्रचार पर वास्तविक विकास कार्यों से अधिक खर्च हो, तो यह जनता के पैसे के उचित उपयोग पर प्रश्नचिह्न लगाता है। जनता का पैसा जनता की सुविधाओं और विकास कार्यों पर खर्च होना चाहिए, न कि केवल उपलब्धियों के प्रदर्शन पर,सुशासन तिहार पर खर्च किए गए।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने साझा किए अपने अनुभव

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मई माह 2026 में कुल 101 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के 10 सदस्यों सहित 17 कार्यपालक व 74 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन एके चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक वित्त और लेखा प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं प्रबीर कुमार सरकार, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संकार्य तुषार कांत उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों से संवाद कर संयंत्र के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उनके अनुभव और सुझाव आमंत्रित किए, जिन पर निदेशक प्रभारी और कार्यपालक निदेशकों ने विस्तार से चर्चा की। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों ने अपने कार्यकाल की यात्रा साझा करते हुए अनुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। 30 मई को भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम, महाप्रबंधक आई एंड एस के सुपर्णा, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन- मिल्स प्रताप शेखर नायक और उप महाप्रबंधक मानव संसाधन- एससीसीए राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

## भिलाई नगर कालीबाड़ी में स्वास्थ्य शिविर आज

**भिलाई।** सेक्टर-6 भिलाई नगर कालीबाड़ी में 31 मई को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्नेहिल गोस्वामी द्वारा सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, अनियमित धड़कन, कंधे, पेट या पीठे में दर्ज जैसे हृदय रोग संबंधी परामर्श दी जाएगी।

# जेआरडी स्कूल में सीएम की सभा आज, हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के नए भवन के साथ आईटी पार्क और स्वीमिंग पूल का करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय समाधान शिविर में 31 मई को शामिल होंगे। वे दुर्ग के झाडूराम देवांगन स्कूल प्रांगण में सुबह 11 बजे पहुंचेंगे। इस दौरान 737.07 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इसमें 376.69 करोड़ की लागत से 99 विकास कार्यों का लोकार्पण और 360.38 करोड़ की लागत से 152 विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के नए भवन, स्वीमिंग पूल, आईटी पार्क, लक्ष्मण झूला, अंजोरा-चंगोरी-भरदा पुल का लोकार्पण प्रमुख है। इसके अलावा मुख्यमंत्री राजेन्द्र पार्क चौक से अंडरब्रिज तक तथा आईएमए चौक से अग्रसेन चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। इस अवसर पर मंत्री विजय शर्मा, गजेंद्र यादव, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद विजय बघेल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, विधायक ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, रिकेश सेन, देवेंद्र यादव, महापौर अल्का बाघमार सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि चंदूलाल चंद्राकर पीजी महाविद्यालय पाटन में इंडोर स्टेडियम और स्टॉफ क्वार्टर लागत 38.77 करोड़, हेमचंद यादव दुर्ग विश्वविद्यालय भवन 14.22 करोड़, अंजोरा-चंगोरी-भरदा मार्ग पर शिवनाथ नदी पर 18.71 करोड़ से पुल, दुर्ग-नगपुरा-करेला मार्ग पर पुल निर्माण लागत 19.02 करोड़, ठकुराईन टोला घाट में लक्ष्मण झूला 19.40 करोड़, सेमरिया में 30 करोड़ से विद्युत सब स्टेशन, गंजपारा चौक से शिवनाथ नदी तक 4.84 करोड़ से मार्ग उन्नयन, भिलाई में 1500 से 3000 केएल क्षमता वाले 4 ओवरहेड सर्विस रिजवॉयर का डिजाइन के साथ भिलाई नगर निगम क्षेत्र में 9.77 करोड़ से विभिन्न सिविल कार्य का लोकार्पण करेंगे।

### समाधान शिविर में 737.07 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण व भूमिपूजन

#### सीएसवीटीयू में 3.91 करोड़ से बनेगा गर्ल्स हॉस्टल

इस अवसर पर सीएसवीटीयू में 3.91 करोड़ से 100 सीटर कन्या छात्रावास, 3.68 करोड़ से बालक छात्रावास, 9.75 करोड़ से समोदा नाला में मध्यम पुल निर्माण, ननकट्टी नाला में 6.55 करोड़ से नया पुल, जालबांधा मार्ग में उच्चस्तरीय पुल 6.69 करोड़, 30 बिस्तर आयुर्वेदा हॉस्पिटल निर्माण लागत 10.50 करोड़, 77 एमएलडी का एसटीपी निर्माण 129.50 करोड़, कम्पोस्ट प्लांट निर्माण एवं मशीनरी स्थापना लागत 11.35 करोड़, इंदिरा मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण 16.29 करोड़, नालंदा परिसर 12.13 करोड़, 9.99 करोड़ से नाली-सड़क, 5.22 करोड़ से साइंस कॉलेज के बाजू स्थित जीई रोड से स्टेशन रोड तक केनाल रोड, गुण्डरदेही रोड़ से हेमचंद यादव विश्वविद्यालय एवं पोटिया चौक तक सड़क चौड़ीकरण लागत 13.63 करोड़, राजेन्द्र पार्क चौक से अंडरब्रिज तक तथा आईएमए चौक से अग्रसेन चौक तक फोरलेन सड़क निर्माण लागत 11.02 करोड़े सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

#### शहर विकास के लिए सौगात देने आ रहे मुख्यमंत्री



शहर विकास के लिए सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री शहर में आ रहे हैं। उनके आगमन के साथ ही आईटी पार्क, स्वीमिंग पूल, हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी भवन का लोकार्पण होगा। इसके अलावा शहर में प्रस्तावित फोरलेन सड़कों का भूमिपूजन होगा। बहुत सारे कामों का मुख्यमंत्री लोकार्पण और भूमिपूजन करने के लिए दुर्ग आ रहे हैं।

-**गजेंद्र यादव,** शिक्षामंत्री छत्तीसगढ़ शासन

### 300 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव और मैदानी अमले को दिया प्रशिक्षण

# खुले में कचरा फेंकने और जलाने पर प्रतिबंध जांच के लिए विशेष टॉस्क फोर्स का गठन

### घर-घर से 4 श्रेणियों में बंटेगा कचरा, नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग जिले को देश का सबसे स्वच्छ और आदर्श जिला बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 को ग्रामीण इलाकों में पूरी कड़ाई से लागू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसे लेकर सरपंच, सचिव और मैदानी अमले को एक दिवसीय हाई-टेक प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अधिकारी जुड़े। उन्होंने गाइडलाइन से अवगत कराया। दुर्ग, धमधा एवं पाटन की समस्त 300 ग्राम पंचायतों के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व स्वच्छ भारत मिशन के 300 से अधिक मैदानी अमले ने हिस्सा लेकर जमीन पर बदलाव लाने का संकल्प लिया। कार्यरत क्षेत्रीय अम्ले बीपीएम, ऐरिया कॉडिनेटर, पीआरपी, एफएल सीआरपी, कृषि सखी, पशु सखी, पोषण सखी विडियो कॉफ्रेंसिंग में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। देवीकिसन निमजे मास्टर ट्रेनर समर्थन संस्था के राज्य स्तरीय अधिकारी द्वारा रायपुर से ऑनलाईन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ रूपेश कुमार पाण्डेय, किरण कुमार कौशिक, जागेन्द्र कुमार साहू प्रमुख रूप से मौजूद थे।



#### नियमों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं

कार्यशाला में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील क्रमांक 6174/2023 में पारित कड़े आदेशों की जानकारी सीधे जनप्रतिनिधियों को दी गई । न्यायालय द्वारा 5 मई 2026 को जारी गाइडलाइंस के परिपालन में नियम पुस्तिका और आदेशों की प्रतियां हर ग्राम पंचायत को सौंप दी गई हैं, ताकि नियमों का उल्लंघन न हो सके। रायपुर से जुड़े समर्थन संस्था के राज्य स्तरीय मास्टर ने कचरा संग्रहण से लेकर उसके वैज्ञानिक निपटान की ऐसी अचूक तकनीकें सिखाईं, जिससे गांव अब शहरों से भी ज्यादा साफ नजर आएंगे। जानकारी दी गई कि निगरानी के लिए जिला स्तर पर एक विशेष समिति का गठन कर लिया गया है।



#### टॉस्क फोर्स 5 मोर्चे पर एक साथ 24 घंटे करेगी काम, अनदेखी पर होगी कार्रवाई

अधिकारियों ने बताया कि गठित टास्क फोर्स एक साथ नियमित रूप से 24 घंटे काम करेगी। टीम 5 मोर्चों पर कड़ाई से काम करेगी। सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग करना अनिवार्य होगा। 100% डोर-टू-डोर कलेक्शनः शहरी हो या ग्रामीण हर एक घर से शत-प्रतिशत कचरा उठाया जाएगा। कचरा फेंकने के पारंपरिक और प्रदूषणकारी तरीकों को बंद कर वैज्ञानिक पद्धति अपनाई जाएगी। जिले के पुराने डंपिंग यार्डों का वैज्ञानिक उपचार कर उन्हें दोबारा हरा-भरा और पर्यावरण अनुकूल बनाया जाएगा। आम जनता के व्यवहार में बड़ा बदलाव लाने के लिए जिले भर में कड़ा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

#### गीला, सूखा व स्पेशल केयर वेस्ट देना होगा अलग-अलग

अधिकारियों ने बताया कि 4 श्रेणियों में कचरा बांटना अनिवार्यः अब हर घर को अपना कचरा 4 अलग-अलग डिब्बों—गीला, सूखा, सेनेटरी वेस्ट और स्पेशल केयर वेस्ट में बांटकर ही देना होगा। इस्तेमाल किए गए सेनेटरी वेस्ट को पैकेट, पाउच में लपेटकर देना अनिवार्य है। सड़कों, सार्वजनिक स्थलों या तालाबों, नदियों में कचरा फेंकने, खुले में डंप करने या उसे जलाने/दबाने पर पूरी तरह से बैन लगा दिया गया है। बिना स्थानीय निकाय की पूर्व अनुमति और 3 कार्य दिवस पहले सूचना दिए, किसी भी अनधिकृत स्थान पर 100 से अधिक व्यक्तियों का कोई भी आयोजन नहीं किया जा सकेगा। बड़े पैमाने पर कचरा पैदा करने वाले संस्थानों को ऑनलाइन पोर्टल पर अनिवार्य रजिस्ट्रेशन कराना होगा और अपने गीले कचरे के निपटान के लिए स्वयं कंपोस्टिंग या बायोमीथनेशन प्लांट लगाने होंगे।

# सुरक्षा नियम तोड़ना पड़ेगा महंगा, नियमों के उल्लंघन पर 2500 रुपए तक लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सेल ने अपने सभी प्लांटों और यूनिट्स में सुरक्षा नियमों को लेकर सख्त कदम उठाया है। सेल के सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन, रांची द्वारा जारी आदेश के अनुसार अब पूरे संगठन में कॉमन जीरो टॉलरेंस रूल्स लागू कर दिए गए हैं। इन नियमों के तहत सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों पर आर्थिक दंड के साथ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।

- सेल के सभी प्लांटों में लागू हुए कॉमन जीरो टॉलरेंस

सेल प्रबंधन के अनुसार विभिन्न प्लांटों में अलग-अलग सुरक्षा नियम लागू होने से भ्रम की स्थिति बन रही थी। इसे समाप्त करने और कार्यस्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक समान नियम लागू किए गए हैं। नए निर्देशों के अनुसार बिना उचित एनर्जी आइसोलेशन के किसी मशीन पर कार्य नहीं किया जा सकेगा। चलती मशीनों के आसपास बिना सुरक्षा व्यवस्था के काम करना प्रतिबंधित रहेगा। ऊंचाई पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए सेफ्टी बेल्ट और हाइट पास अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा बंद या प्रतिबंधित क्षेत्रों में बिना अनुमति और बिना दूसरे व्यक्ति की मौजूदगी के प्रवेश नहीं मिलेगा। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नियम उल्लंघन माना जाएगा। दोपहिया वाहन चालकों और पीछे बैठने वालों के लिए हेलमेट एवं चिन स्ट्रैप पहनना अनिवार्य होगा, जबकि ट्रिपल राइडिंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। प्लांट परिसर में निर्धारित गति सीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने, शराब के सेवन के बाद प्लांट में प्रवेश करने तथा सेफ्टी इंटरलॉक या प्रोटेक्शन सिस्टम से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### ठेकेदार के बिल से कटेगा ठेका श्रमिकों पर लगाया गया जुर्माना

आदेश के अनुसार पहली बार नियम तोड़ने पर 500 रुपये का जुर्माना और चेतावनी पत्र जारी किया जाएगा। दूसरी बार उल्लंघन पर 1500 रुपये और तीसरी बार 2500 रुपये का दंड लगाया जाएगा। यदि कोई कर्मचारी चौथी बार नियमों का उल्लंघन करता है तो नियमित कार्मिकों के खिलाफ सीडीए रूल्स 1977 एवं स्टैंडिंग ऑर्डर 1997 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं ठेका श्रमिकों का गेट पास तीन माह के लिए निलंबित किया जा सकता है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि ठेका श्रमिकों पर लगाया गया जुर्माना संबंधित ठेकेदार के बिल से काटा जाएगा, जबकि नियमित कर्मचारियों के मामले में राशि उनके पर्क्स और इंसेंटिव से समायोजित की जाएगी। सेल प्रबंधन ने कहा है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी प्लांटों और यूनिट्स को इन नियमों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## शिविर में पट्टे की मांग, युवक का बना लर्निंग लाइसेंस

**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा आयोजित इस वर्ष के अंतिम सुशासन शिविर में तीन वार्डों के 395 लोगों ने अपनी शिकायत और मांगो को लेकर पहुंचे थे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने शिविर में 75 ऐसे आवेदनों का निराकरण मौके पर ही कराकर आवेदकों को राहत पहुंचाई। शिविर में 435 मांगे थीए जिसका प्रस्ताव तैयार कर निराकरण करने का संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए है। शिविर में अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू क्षेत्रीय पार्षद व महापौर परिषद के सदस्य रोहित धनकर व पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर, जोरातराई के हरिश नायक व विधायक प्रतिनिधि गोंविद साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

शनिवार को सुशासन शिविर ग्रामीण परिवेश वाले डुण्डेरा के तीन वार्डो के लिए लगाया गया। शिविर स्थल पर महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में आयुक्त मोनिका वर्मा पहुंची और चार हितग्राहियों को गोदभराई रस्म अदा की। इस अवसर पर आयुक्त मोनिका ने हितग्राहियों से न केवल चर्चा की, बल्कि सेहत का ध्यान रखते हुए योजना के तहत मिले पौष्टिक आहार का सेवन करने की बात कही। आयुक्त ने पूरे स्टॉल का निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों से मुलाकात की। साथ ही उनकी आवश्यकता और मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का आश्वासन दी। शिविर का निरीक्षण करते समय आयुक्त की नजर पंजीयन काउंटर में खड़े दिव्यांग पर पड़ी। वह ट्राइसिकल में बैठा हुआ था। दिव्यांग का कहना था कि उसे निवास स्थान का पट्टा चाहिए। आयुक्त मोनिका वर्मा ने भीड़ को देखते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांग के पास जाकर उन्हें न केवल आवेदन उपलब्ध कराए बल्कि संबंधित विभाग प्रभारी उन तक पहुंच कर आवेदन प्राप्त करे। वहीं निगम आयुक्त और जनप्रतिनिधि ने योजना के तहत 6 युवाओं



## मजदूरों के धरना प्रदर्शन को दिया समर्थन



**भिलाई।** रसमड़ा में मजदूरों द्वारा अपनी मांगो के लकर घरना पर बैठे है। उनके समर्थन में असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस ने मौके पर पहुंचकर समर्थन दिया है। मजदूरों को समर्थन के साथ-साथ उनके हक के लिए हमेशा खडा रहने का भी आश्वासन दिया गया है। इस दौरान प्रदेश सचिव असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस, जिला महामंत्री राम सूर्यवंशी , जिला अध्यक्ष असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस राहुल वर्मा, पार्षद भारती सूर्यवंशी, प्रेम कुमार मिश्रा ,विजय पूरी, ऋषभ तिवारी समेत कांग्रेस कार्यकर्तागण मौजूद थे।

# जामुल में 6.50 लाख से बनेगा घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिका जामुल के वार्ड क्रमांक 18 स्थित बुढ़ादेव तालाब में महतारी घाट का निर्माण किया जाएगा। करीब 6 लाख 50 हजार रुपये की लागत से बनने वाले इस घाट का भूमि पूजन नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने किया।

- नगर पालिका अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

इस अवसर पर अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि जामुल नगर में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है और जल्द ही नगर की तस्वीर बदली हुई नजर आएगी। उन्होंने बताया कि महतारी घाट का उपयोग सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ दैनिक निस्तारी कार्यों के लिए भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की तर्ज पर तालाबों में महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक स्नान व्यवस्था उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महतारी घाट का निर्माण कराया जा रहा है। वर्तमान में अधिकांश तालाबों में खुली पचरी होने के कारण महिलाओं को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। महतारी घाट बनने से उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक सुविधा मिल सकेगी। नपा अध्यक्ष ने बताया कि नगर के अन्य तालाबों में भी चरणबद्ध तरीके से महतारी घाट निर्माण की योजना पर कार्य किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद तिलेश्वर देवांगन, पूरन चौहान, भूपेंद्र सिंह, भागवत प्रसाद, राजू लाल, घनश्याम सिंह, मनोहर लाल, बिसंभर लाल, उप अभियंता सचिन भागवत आदि उपस्थित रहे।



### पार्षद पीयूष मिश्रा बोले- ईओडब्ल्यू में दर्ज कराएंगे एफआईआर

# डिफाल्टर ठेकेदार को 13 लाख का भुगतान, पार्षदों ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम के पार्षदों ने एक बार फिर आयुक्त राजीव पाण्डेय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि निगम के डिफाल्टर सफाई ठेकेदार मेसर्स पीवी रमन को आयुक्त ने गलत तरीके से 13 लाख रुपए का भुगतान किया है। उन्होंने

- 1.5 करोड़ बकाया रहते आयुक्त ने लुटाया पैसा

आयुक्त पर आर्थिक अनियमितता का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 1.5 करोड़ की बकाया देनदारी के बावजूद डिफाल्टर ठेकेदार को 13 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। पीयुष मिश्रा ने इस प्रकरण की शिकायत आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) में कर आयुक्त के खिलाफ अपराध दर्ज कराने की बात कही है।

पीयूष मिश्रा ने कहा सबसे चौकाने वाली बात यह है कि राजीव पाण्डेय से पहले भिलाई निगम में आईएएस रोहित व्यास, देवेश ध्रुव, लोकेश चंद्राकर और बजरंग दुबे जैसे चार चार अधिकारी आयुक्त रहे, लेकिन उन्होंने दिसंबर 2022 में समाप्त हुए मेसर्स पीवी रमन को इस राशि का भुगतान नहीं किया। इसके बावजूद 25 मार्च को सामान्य सभा में आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव पारित होने के दिन ही 13 लाख रुपए इस ठेकेदार के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। जबकि ईपीएफओ ने रमन के अन्य बैंक खाते सीज कर रखे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि आयुक्त राजीव पाण्डेय रमन को 18 लाख रुपए और देने की तैयारी में हैं।

#### 1 घंटे में कराए साइन

पार्षद पीयुष मिश्रा ने बताया कि पीवी रमन को फर्जी भुगतान करने के लिए आयुक्त राजीव पाण्डेय ने बड़ा खेल खेला। जैसे ही 25 मार्च को सामान्य सभा में उन्हें आयुक्त पद से हटाने का प्रस्ताव पारित हुआ। उसी दिन एक घंटे के भीतर उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी, आयुक्त और लेखा अधिकारी के हस्ताक्षर करवाकर आनन फानन में पीवी रमन के खाते में 13 लाख रुपए ट्रांसफर करा दिए।



पीयुष मिश्रा, पार्षद

#### नियमानुसार किया गया भुगतान

भिलाई निगम के आयुक्त राजीव पाण्डेय का कहना है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 3 नवंबर 2025 को मिले नोटिस और 25 मार्च 2025 के अंतिम आदेश के पालन में निगम ने 2.03 करोड़ की राशि ईपीएफ़ओ को जमा कराई है, इसी प्रकार कर्मचारी राज्य बीमा निगम को 1.33 करोड़ रुपए डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराये गए हैं। निगम के वाहनों की संधारण राशि और पेट्रोल पंप की देनदारी की राशि 1.68 करोड़ कटौती उपरांत कार्यालय अभिलेख अनुसार अन्य कोई देनदारी शेष नहीं होने से बकाया देयक राशि का आंशिक भुगतान नियमानुसार किया गया है। पीवी रमन के अन्य कार्यों के लगभग 70 लाख रुपए के देयक अभी भी भुगतान के लिए लंबित हैं। यदि माननीय पार्षद या महापौर जी के निजी जानकारी अनुसार कोई वास्तविक देनदारी कार्यालय के संज्ञान में आती है तो अवश्य नियमानुसार कटौती की जाएगी।



राजीव पांडेय, आयुक्त

#### पीवी रमन के ऊपर 1.5 करोड़ रुपए बकाया

निगम ने अप्रैल 2021 से दिसंबर 2022 तक शहर की सफाई का ठेका पीवी रमन को दिया था। इसके बाद इस ठेका को जनवरी-फरवरी 2023 तक बढ़ाया गया। वेतन न मिलने पर सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल की तो निगम वेतन को सीधे कर्मचारियों के खाते में डाला और ठेकेदार के बिल से 2.73 करोड़ की कटौती की। पीवी रमन का बिल दिसंबर 2022 तक 5.36 करोड़ था। शेष बचे 2.62 करोड़ रुपए में से ईपीएफ के आयुक्त ने खाते से 1.78 करोड़ रुपए काट लिए। निगम ने 25 लाख रुपए अलग से ईपीएफ को जमा किया। इसके बाद ठेकेदार का बकाया 59 लाख रुपए बचा। जनवरी-फरवरी 2023 के कर्मचारियों का करीब 1 करोड़ पीएफ और अप्रैल 2021 से फरवरी 2023 तक का 50-60 लाख ईएसआई आज तक ठेकेदार ने जमा नहीं किया। इस तरह ठेकेदार की निगम के ऊपर कुल 1.5 करोड़ की देनदारी बनती है।

## पंचायत उप-निर्वाचन : मतदान दिवस पर 1 जून को सामान्य अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन में पंच व जनपद सदस्य के पद हेतु त्रिस्तरीय पंचायत उप-निर्वाचन 2026 के लिए निर्वाचन की अधिसूचना जारी की गई है, जिसके साथ ही संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग से मिले अधिकारों और निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 के नियमों के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने मतदान के दिन यानी 1 जून को संबंधित चुनाव क्षेत्रों के सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में सामान्य छुट्टी घोषित किया है। यह अवकाश ग्राम पंचायत के पंच पद हेतु संबंधित वार्ड में तथा जनपद सदस्य पद हेतु संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र में ही प्रभावी रहेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनपद पंचायत दुर्ग के अंतर्गत ग्राम पंचायत भोथली के वार्ड 11 तथा उमरपोटी के वार्ड 19 में पंच पद चुनाव के लिए यह अवकाश रहेगा। इसी तरह जनपद पंचायत धमधा के ग्राम पंचायत रूहा के वार्ड 5 व जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत गोंडपेण्ड्री के वार्ड 11 में तथा ग्राम पंचायत भनसुली (के) के वार्ड 17 में पंच पद के लिए सामान्य अवकाश रहेगा। इसके अतिरिक्त जनपद पंचायत पाटन अंतर्गत जनपद सदस्य क्षेत्र 4 के तहत आने वाले ग्राम पंचायत पांहदा (अ) एवं सांकरा क्षेत्र में भी 1 जून को यह सामान्य अवकाश प्रभावशील रहेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।







# स्वस्थ जीवन की ओर
# एक महत्वपूर्ण कदम

प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति जागरूक करना तथा तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने वर्ष 1987 में इस दिवस की शुरुआत की थी। आज तंबाकू का सेवन विश्वभर में लाखों लोगों की मृत्यु का प्रमुख कारण बन चुका है। इसलिए इस बुराई के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाना समय की मांग है।

## तंबाकू का बढ़ता प्रभाव

तंबाकू का सेवन विभिन्न रूपों में किया जाता है, जैसे बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, खैनी, जर्दा, हुक्का आदि। युवाओं में तंबाकू सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति विशेष चिंता का विषय है। आकर्षक विज्ञापन, साथियों का दबाव और गलत धारणाएँ युवाओं को इसकी ओर आकर्षित करती हैं। धीरे-धीरे यह आदत लत में बदल जाती है, जिससे व्यक्ति का स्वास्थ्य और जीवन दोनों प्रभावित होते हैं।

## स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव

तंबाकू में निकोटिन सहित अनेक हानिकारक रसायन पाए जाते हैं जो शरीर को गंभीर नुकसान पहुँचाते हैं। इसके सेवन से–
फेफड़ों का कैंसर, मुख कैंसर और गले का कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है।
हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं।
श्वसन तंत्र कमजोर हो जाता है।
दाँत और मसूड़ों की बीमारियाँ बढ़ती हैं।
रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है।
गर्भवती महिलाओं और उनके शिशुओं पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## सामाजिक और आर्थिक प्रभाव

तंबाकू केवल स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करता है। तंबाकू पर खर्च होने वाला धन परिवार की आवश्यक जरूरतों से दूर हो जाता है। इसके कारण गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति और अधिक कमजोर हो जाती है। साथ ही तंबाकू से होने वाली बीमारियों के इलाज में भारी खर्च करना पड़ता है।

## तंबाकू निषेध दिवस का महत्व

विश्व तंबाकू निषेध दिवस लोगों को तंबाकू छोड़ने और स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

इस दिन विभिन्न संस्थाओं द्वारा रैली, संगोष्ठी, जागरूकता अभियान, निबंध प्रतियोगिता तथा शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से लोगों को तंबाकू के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाती है।

## तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में प्रयास

तंबाकू मुक्त समाज बनाने के लिए सरकार, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों को मिलकर कार्य करना होगा।











